संख्या-18/2020-585/58-2020-429/2015

प्रेषक,

प्रमुख सचिव,
उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवामें,

प्रमुख सचिव,
कृषि /सिंचाई/लघु सिंचाई/
चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

उद्यान अनुभाग **लखनऊः दिनांक 11 मार्च, 2020**

विषयः- वित्तीय वर्ष 2020-21 से उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0 को ड्रिप/स्प्रिंकलर से संचालित माइक्रोइरीगेशन/पद्धति योजनाओं के लिए नोडल विभाग नामित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र सं0-17/2020-573/58-2020-429/2015, दिनांक 06.03.2020 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत ''पर ड्राप मोर क्राप'' योजना के स्प्रिंकलर के माध्यम से ड्रिप सिंचाई हेतु कृषि विभाग/सिंचाई/लघु सिंचाई/चीनी उद्योग, गन्ना विकास विभाग एवं उद्यान विभाग में योजनायें संचालित हैं। मा0 मुख्यमंत्री जी के आदेश के अनुपालन में सभी ड्रिप/स्प्रिंकलर से संबंधित कार्यक्रम समेकित रूप से संचालित किये जाने हेतु उद्यान विभाग को नोडल विभाग नामित किया जाता है। इस प्रकार की सभी योजनायें जो विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित है, का संचालन भविष्य में उद्यान विभाग के दिशा-निर्देशों में किया जाना होगा।

3- उक्त के संबंध में आपसे यह अपेक्षा की जाती है कि आपके विभाग द्वारा अनुदान आधारित यदि किसी अन्य योजना चाहे वह भारत सरकार, राज्य सरकार या अन्य के माध्यम से उपरोक्त कार्य हेतु संचालित की जानी हो, तो इस संबंध में नोडल विभाग/उद्यान विभाग से परामर्श किया जाना अनिवार्य होगा।

4- यह भी अनुरोध कराना है कि भविष्य में सभी संबंधित उपरोक्त वर्णित विभाग प्रतिमाह इस विषयक अगर कोई योजना उनके द्वारा चलाई जा रही हो तो, का विवरा उद्यान विभाग को यथासमय भेजेंगे।

कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही कर अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(बी0एल0 मीणा)
प्रमुख सचिव।

संख्या-18/2020-585(1)/58-2020 तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार।
2- प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।
3- स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0शासन।
4- विशेष कार्याधिकारी, कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0शासन।
5- समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

http://shasanadesh.up.gov.in

6- निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
7- गन्ना एवं चीनी आयुक्त, उ0प्र0 लखनऊ।
8- कृषि निदेशक, उ0प्र0, कृषि भवन, लखनऊ।
9- समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
10- मुख्य अभियन्ता, सिंचाई, उ0प्र0 लखनऊ।
11- मुख्य अभियन्ता, लघु सिंचाई, उ0प्र0 लखनऊ।
12- समस्त मण्डलीय उप निदेशक उद्यान, उ0प्र0।
13- समस्त जिला उद्यान अधिकारी/अधीक्षक/आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी, उ0प्र0।
14- गार्डफाइल।

आज्ञा से,

(इन्दुबाला कटियार)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in